दिन– शुक्रवार | दिनांक– 24 / 10 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। | अवधिः– 15 मिनट

---

01. भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने समस्तीपुर से एनडीए के चुनाव प्रचार अभियान का शंखनाद किया।

02 श्री मोदी ने राजद और कांग्रेस पर भ्रष्टाचार और परिवारवाद को बढ़ावा देने का आरोप लगाया।

03. राजद के वरिष्ठ नेता तेजस्वी प्रसाद यादव ने सहरसा के सिमरी–बख्तियारपुर से महागठबंधन के पक्ष में चुनावी अभियान की शुरूआत करते हुये एनडीए के नेताओं से बीस वर्षों का हिसाब मांगा।

04. और, लोक आस्था के महापर्व छठ का चार दिवसीय अनुष्ठान कल नहाय–खाय के साथ होगा शुरू। छठ घाटों को दिया जा रहा है अंतिम रूप।

————————————————————————

भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने समस्तीपुर से प्रचार अभियान की शुरूआत की। इस मौके पर जदयू अध्यक्ष और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, लोजपा रामविलास के अध्यक्ष और केन्द्रीय मंत्री चिराग पासवान, हिन्दुस्तानी अवाम मोर्चा के संरक्षक और केन्द्रीय मंत्री जीतन राम मांझी और राष्ट्रीय लोकतांत्रिक मोर्चा के अध्यक्ष उपेन्द्र कुशवाहा उपस्थित थे। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने समस्तीपुर के दुधपुरा हवाई अड्डा मैदान में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुये राजद और कांग्रेस पर भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने का आरोप लगाया।

———बाईट———

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बेगूसराय के उलाव हवाई अड्डा मैदान में आयोजित जनसभा को संबोधित किया। श्री मोदी ने विपक्षी दल राजद आरोप लगाते हुये कहा कि उनके कार्यकाल के दौरान युवाओं की उपेक्षा की गयी है और केवल अपने परिवार के लोगों को आगे बढ़ाने का काम किया।

———बाईट———

————————————————————————

जदयू के वरिष्ठ नेता और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने समस्तीपुर में प्रधानमंत्री के संबोधन के पहले आरोप लगाया कि राजद को राज्य के विकास की कोई चिंता नहीं है। श्री कुमार ने कहा कि एनडीए सरकार के दौरान राज्य में विकास की गति तेज हुई है और कानून का राज स्थापित हुआ है।

———बाईट———

———————————————————————

जनसभा को संबोधित करने के पहले प्रधानमंत्री श्री मोदी ने समस्तीपुर में जननायक कर्पूरी ठाकुर की जन्मभूमि कर्पूरी ग्राम का दौरा किया और उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किये। श्री मोदी ने कहा कि जननायक भारत रत्न कर्पूरी ठाकुर सामाजिक न्याय के मजबूत स्तंभ थे। प्रधानमंत्री ने कहा कि कर्पूरी ठाकुर की इस धरती पर आना और केंद्र की सरकार द्वारा कर्पूरी जी को भारत रत्न देना मेरे लिए सौभाग्य की बात है।

———————————————————————

भाजपा के वरिष्ठ नेता और केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आरोप लगाया कि लालू यादव राज्य में आतंक का राज फैलाना चाहते हैं। श्री शाह ने सीवान में जनसभा को संबोधित करते हुये कहा कि राज्य के लोग अब जागरूक हो चुके हैं और वे कुशासन को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं करेंगे।

———बाईट———

———————————————————————

मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार तेजस्वी प्रसाद यादव ने आज सहरसा के सिमरी—बख्तियारपुर से महागठबंधन का चुनाव प्रचार अभियान शुरू किया। इस मौके पर विकासशील इंसान पार्टी के अध्यक्ष मुकेश सहनी समेत गठबंधन के कई नेता उपस्थित थे। तेजस्वी यादव ने चुनावी सभा को संबोधित करते हुये कहा कि आरोप लगाने से पहले एनडीए के नेताओं को बीस वर्षों के कार्यकाल का हिसाब देना चाहिए। श्री यादव ने कहा कि यदि गठबंधन की सरकार बनी तो सभी वायदों को पूरा किया जायेगा।

———बाईट———

———————————————————————

प्रदेश के विभिन्न भागों में चुनाव प्रचार तेज हो गया है। विभिन्न दलों के नेता मतदाताओं को लुभाने के लिए चुनावी सभा और रोड शो कर रहे है। एक रिपोर्ट—

———रिपोर्ट———

समस्तीपुर के उजियारपुर में महागठबंधन द्वारा आयोजित चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए वीआईपी प्रमुख मुकेश सहनी ने कहा कि महागठबंधन की सरकार बनते ही समाज के सभी वर्गों को समान अधिकार मिलेगा। इधर, केंद्रीय मंत्री और लोजपा (रामविलास) के अध्यक्ष चिराग पासवान ने महागठबंधन पर निशाना साधते हुए कहा कि महागठबंधन मुस्लिम समुदाय की बातें तो करता है, लेकिन जब प्रतिनिधित्व देने का समय आता है, तब पीछे हट जाता है। वहीं, हिन्दुस्तानी अवाम मोर्चा के संरक्षक और केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने दावा किया कि इसबार बहुमत के साथ छक। की सरकार बनेगी। सीपीआई और माले ने नेताओं ने भी अपने अपने उम्मीदवार के पक्ष में चुनावी प्रचार किया।

समाचार कक्ष से मैं सत्यम कुमार।

———————————————————————

चुनाव आयोग ने कहा है कि फेक न्यूज फैलाने वाले लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जायेगी। अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी प्रशांत कुमार सीएच ने बताया भ्रामक समाचार और एआई जेनेरेटडे कंटेंट पर विशेष नजर रखी जा रही है।

———बाइट———

————————————————————————————

लोक आस्था के महापर्व छठ का चार दिवसीय अनुष्ठान कल नहाय—खाय के साथ शुरू होगा। एक रिपोर्ट—

———रिपोर्ट———

छठ व्रती पहले दिन अरवा चावल, चना दाल और कद्दू की सब्जी बनाकर उसे प्रसाद के रूप में ग्रहण करेंगे। छठ को लेकर राजधानी पटना समेत प्रदेशभर में उत्सव का माहौल है। घाटों की साफ—सफाई और प्रकाश की उचित व्यवस्था समेत अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए जिला प्रशासन के साथ—साथ विभिन्न स्वंयसेवी संस्थाएं जुटे हुये हैं। अनहोनी घटनाओं को टालने के लिए एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की तैनाती की गई है। इधर, छठ महापर्व को देखते हुये डाक विभाग ने छठ व्रतियों के लिए माई स्टाम्प जारी किया है। इस पहल के तहत छठ व्रती अपनी तस्वीर के साथ स्टाम्प बनवा सकते हैं। समाचार कक्ष से मैं निखिल रंजन।

————————————————————————————

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नागरिकों से छठ पूजा से जुड़े गीत साझा करने का आग्रह किया है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में, श्री मोदी ने बताया कि बिहार सहित देश भर के श्रद्धालु इस पर्व की तैयारियों में पूरी श्रद्धा के साथ जुटे हुए हैं।

————————————————————————————

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने छठ पर्व के दौरान यात्रियों की सुविधा सुनिश्चित करने के लिए नई दिल्ली में रेल भवन के वॉर रूम से विशेष रेलगाडियों की समीक्षा की। उन्होंने छठ पूजा से पहले रेलवे की तैयारियों की समीक्षा भी की। त्योहारों के दौरान बढ़ती यात्रियों की संख्या को नियंत्रित करने के लिए वॉर रूम की स्थापना की गई है। श्री वैष्णव ने कहा कि देश भर में तीन स्तरीय वॉर रूम हैं।

———बाईट———

रेल मंत्री श्री वैष्णव ने बताया कि नियमित ट्रेन सेवाओं के अलावा अगले चार दिन तक प्रतिदिन औसतन तीन सौ विशेष रेलगाड़ियों के साथ एक हजार पांच सौ विशेष रेलगाडियां चलाई जाएंगी।

————————————————————————————

वस्तु और सेवा कर बचत उत्सव का लाभ समाज के सभी वर्गों तक पहुंच रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बाईस सितंबर को इसकी घोषणा की थी। जीएसटी सुधारों से कृषि क्षेत्र और किसानों को हो रहे लाभों पर पेश है हमारे संवाददाता की रिपोर्ट —

———रिपोर्ट———

नए कर ढांचे के अंतर्गत विभिन्न कृषि उपकरणों जैसे स्प्रिंकलर, ड्रिप सिंचाई प्रणाली और हार्वेस्टर मशीनरी पर जीएसटी दर को बारह प्रतिशत से घटाकर पांच प्रतिशत कर दिया गया है, जिससे यह आवश्यक उपकरण किसानों के लिए और अधिक सुलभ हो गए हैं। जीएसटी 2.0 के तहत जैव कीटनाशकों और कई सूक्ष्म पोषक तत्वों को भी पांच जीएसटी स्लैब में शामिल किया गया है, जिससे जैव आधारित कृषि को बढ़ावा मिलेगा। इसके साथ ही, उर्वरक उत्पादन में उपयोग होने वाले कच्चे माल, जैसे अमोनिया, सल्फ्यूरिक एसिड और नाइट्रिक एसिड पर भी अब केवल पांच प्रतिशत जीएसटी लग रहा है, जिससे उत्पादन लागत में कमी होगी। इन कर कटौतियों से कृषि में मशीनीकरण को बढ़ावा मिलेगा, श्रम लागत घटेगी और फसल उत्पादन में सुधार होगा। सकलेन अखतर, आकाशवाणी समाचार दिल्ली।

———————————————————————

जन योजना अभियान — सबकी योजना, सबका विकास पर आधारित दो मिनट की जन सेवा जागरूकता फिल्म आज से छह नवंबर तक पूरे देश के सिनेमाघरों में दिखाई जाएगी। पंचायती राज मंत्रालय ने एक बयान में बताया है कि यह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जनभागीदारी और सरकारी योजनाओं की व्यापकता के दृष्टिकोण के अनुरूप है। इस अभियान का उद्देश्य दो हजार छब्बीस—सत्ताईस के लिए पंचायत विकास योजना की तैयारी में जन जागरूकता और जनभागीदारी को बढ़ावा देना है।

———————————————————————

आज विश्व पोलियो दिवस है। इस अवसर पर, केन्द्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने सशक्त जनभागीदारी के माध्यम से पोलियो उन्मूलन में भारत की उल्लेखनीय यात्रा पर प्रकाश डाला। एक सोशल मीडिया पोस्ट में, श्री नड्डा ने कहा कि पोलियो उन्मूलन में सफलता स्वास्थ्य कर्मियों के प्रयासों से संभव हुई है। इन्होंने हर घर तक पहुँचकर यह सुनिश्चित किया कि इस बीमारी के खिलाफ लड़ाई में कोई भी बच्चा पीछे न छूटे।

———————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर..........

01. भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने समस्तीपुर से एनडीए के चुनाव प्रचार अभियान का शंखनाद किया।

02 श्री मोदी ने राजद और कांग्रेस पर भ्रष्टाचार और परिवारवाद को बढ़ावा देने का आरोप लगाया।

03. राजद के वरिष्ठ नेता तेजस्वी प्रसाद यादव ने सहरसा के सिमरी—बख्तियारपुर से महागठबंधन के पक्ष में चुनावी अभियान की शुरूआत करते हुये एनडीए के नेताओं से बीस वर्षों का हिसाब मांगा।

04. और, लोक आस्था के महापर्व छठ का चार दिवसीय अनुष्ठान कल नहाय—खाय के साथ होगा शुरू। छठ घाटों को दिया जा रहा है अंतिम रूप।

———————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन प्रातः आठ बजकर अड़तालीस मिनट से प्रसारित किया जाएगा।